**Haldia Petro-Chemicals Projects**

873. SHRI DEBENDRA NATH BARMAN:

SHRI NIRMAL CHATTERJEE:

Will the Minister of PETROLEUM be pleased to state:

(a) whether Government are re-examining the Rs. 830 crore Haldia petro-chemicals Project of West Bengal in terms of shape and direction; and

(b) if so, what are the details thereof and if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM (SHRI NAWAL KISHORE SHARMA): (a) No, Sir.

(b) It is for the West Bengal Industrial Development Corporation who was issued a letter of intent, to take appropriate measures to implement the project.

**उम्मीदवारों का चुनाव-खर्च**

874. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उम्मीदवारों की सहायता के लिए चुनाव प्रचार और अभियान का खर्च सरकार द्वारा वहन किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज)** : (क) और (ख) इस प्रकार का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। अन्य कठिनाइयों के अतिरिक्त सरकार के लिए ऐसा व्यय वहन कर पाना दुष्कर होगा।

**बरियारपुर के लिए सीधे टेलीफोन करने की सुविधा**

875. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मुंगेर जिले के बरियारपुर क्षेत्र के टेलीफोन प्रयोगकर्ताओं को सीधे टेलीफोन करने की सुविधाएं प्रदान करने का विचार रखती है ; और

(ख) क्या 8 से 10 मील की दूरी के भीतर स्थित मुंगेर, जमालपुर, सुल्तानगंज और खडगपुर के नजदीकी कस्बों को स्थानीय टेलीफोन प्रणाली के अन्तर्गत लाए जाने की संभावना है ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं। इस प्रकार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**तेल के उत्पादन में वृद्धि**

876. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पेट्रोलियम के उत्पादन में अब तक कितनी वृद्धि हुई है और क्या इस संबंध में आगामी तीन वर्षों में देश के आत्म-निर्भर हो जाने की संभावना है ; और

(ख) पेट्रोलियम के नये स्रोतों का पता लगाने के लिए किन-किन स्थानों पर सर्वेक्षण किया जा रहा है और उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

**पेट्रोलियम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा)** : (क) कच्चे तेल का उत्पादन वर्ष 1980-81 के 10.51 मिलियन मीट्रिक टन की तुलना